हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024

04 चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

07 कठिन परिश्रम के बिना हमें सफलता प्राप्त नहीं होती...




### किया दान पुण्य, पतंगों से सतरंगी हुआ आसमान, मैदानों में गिल्ली डंडा भी खेला गया

# नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर सहित पूरे क्षेत्र में मकर संक्रांति का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। लोगों द्वारा दान पुण्य किया गया। वहीं पतंगों से आसमान सतरंगी रहा। मैदानों में गिल्ली डंडा भी खेला गया। सोमवार को सूर्य के उत्तरायण के पर्व मकर संक्रांति पर प्रातःकाल से ही नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना कर देव दर्शन किये एवं जरूरतमंदों को दान कर पुण्य कमाया। इस मौके पर तिल व गुड़ के लड्डुओं का भी वितरण किया गया। दूसरी ओर युवा व बच्चें द्वारा सुबह से ही अपनी छतों पर पहुंचकर पतंगबाजी प्रारम्भ कर दी गई थी। तेज हवाएं चलने से पतंग उड़ाने में भी आसानी हो रही थी। देखते ही देखते पूरा आसमान विभिन्न रंगों की पतंगों से सतरंगी दिखाई देने लगा था। नगर में चारों ओर वो काटा वो काटा और म्यूजिक का शोर सुनाई दे रहा था है।



### माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया

मकर संक्रांति के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। वहीं दिनभर माता रानी के दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगी रही। नगर के अन्य मंदिरों में भी भगवान का श्रृंगार किया गया था। जहाँ सुबह से देर शाम तक नगरवासी दर्शनों के लिए पहुंचते रहे।



### महिलाओं ने सुहाग की वस्तुओं का किया दान

मकर संक्रांति पर्व पर पुरानी परंपराओं को निर्वहन करते हुए सुहागिन महिलाओं ने पूजन कर आसपड़ोस की महिलाओं को हल्दी-कुमकुम कर सुहाग की वस्तुएं भेंट की। वहीं बालिकाओं द्वारा भी अपनी सहेलियों को विभिन्न वस्तुएं भेंट की गई। पुरानी परंपरा अनुसार बच्चों, युवतियों व बडों ने गिल्ली-डंडा भी खेला। पतंग व मांझा लूटने की होड भी गली-मोहल्लों व सडकों पर दिखाई दी। पतंग उडाने के दौरान सेल्फी का दौर भी चलता रहा जिसे युवाओं द्वारा हाथों-हाथ सोश्यल मीडिया पर अपलोड किया गया। मकर संक्रांति पर्व को लेकर घर-घर में तिल-गुड के लड्डू, तिलपापडी आदि बनाए गए और संक्रांति मांगने वालों को भी बांटे गए। नगर के लगभग सभी मकानों की छत से बच्चें, युवा, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक पतंग उड़ाते दिखाई दे रहे थे। कही कही तो पत्नी पतंग उड़ाते व पति गिररी पकड़े नजर आ रहे थे। मकर संक्रांति के अवसर पर परंपरागत खेल गिल्ली डंडा भी खेला गया। नगर के विभिन्न मैदानों में युवा व बच्चे गिल्ली डंडा खेलते दिखाई दिए। इस दिन तिल व गुड़ के लड्डू तथा जलेबी के सेवन व वितरण की परंपरा भी है जिसे नगरवासियों द्वारा पूरी शिद्दत के साथ निभाया गया। स्थान स्थान पर नागरिकों द्वारा एक दूसरे को तिल के लड्डू व जलेबी खिलाई गई।

### गौ माता को गुड़ और घास खिलाया

मकर संक्रांति पर जहां जरूरतमंदों को दान देने का महत्व है। वहीं गौमाता को गुड़ व घास खिलाने का भी महत्व है। इसी के चलते नगर में स्थान - स्थान पर नागरिकों द्वारा गौमाता को गुड़ व घास खिलाई गई। नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री शांतिनाथ जीव दया समिति के सदस्यों द्वारा भी पर्व को लेकर गौ माता को गुड एवं घास खिलाया गया।

### मकर संक्रांति पर दान पुण्य किया, बच्चों और युवाओं ने पतंगबाजी की



**आगर मालवा।** शहर के साथ ही गांवों में भी दो दिनों तक इस बार मकर संक्राति पर्व मनाया गया। रविवार को जहां युवा और बच्चों ने मकर संक्रांति मनाते हुए पतंगबाजी का आनंद लिया। वहीं सोमवार को नगर वासियों ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर दान पुण्य कर मकर संक्रांति पर्व मनाया। युवा और बच्चों ने दोनों ही दिन पतंगबाजी का आनंद लिया। युवाओं द्वारा अपनी छतों पर डीजे में राम भजन बजाते हुए पतंगबाजी की और संगीत के बीच आसमान सतरंगी पतंगों से दिनभर पटा रहा।

### मकर संक्रांति पर किया बाबा का अलौकिक श्रृंगार

**कानड़।** सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पर शिव भक्तों द्वारा शिव पहाड़ी क्षेत्र में स्थित भगवान भूतेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है, जिससे नगर सहित अंचल के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। सोमवार को भक्तों द्वारा बाबा भूतेश्वर महादेव का फूलों के रंग-बिरंगे रंगों से गुलाब और पतंग से अलौकिक श्रृंगार किया गया। भक्तों की इसी श्रद्धा को वहां पहुंचने वाले दर्शकों ने नमन किया।

### पुजारियों को मंदिरों में साज सज्जा व आकर्षक रोशनी के दिए निर्देश




**आगर मालवा।** 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने रविवार को तहसील आगर एवं बड़ोद के मंदिरों के पुजारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में स्थानीय भजन मंडली को आमंत्रित कर राम कीर्तन आदि का आयोजन किया जाए तथा जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करवाए। मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर समिति के माध्यम से आमजन के लिए आयोजित किए जाएं। बैठक में मंदिर पुजारी उपस्थित रहे।

## मां बगलामुखी मंदिर के पंडितों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के पंडितों ने अपनी समस्याओं को लेकर तहसीलदार की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को मां बगलामुखी वैदिक ब्राह्मण सामाजिक उत्थान समिति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि मंदिर के पिछे स्थित यज्ञ शाला परिसर छोटा तथा उंचाई कम होने से हवन के समय होने वाला धुआं बाहर नहीं निकल पाता है जिसके लिए यज्ञशाला की ऊंचाई तथा इसका विस्तरीकरण करके इसका उच्च तकनिकी से निर्माण करवाया जाए।

ब्राह्मणों पंडित जन के लिए मंदिर परीसर के बाहर ही नजदीक एक सुलभ शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था की जाए। चूंकि मंदिर में हवन पूजन नित्य होते है जिसके लिए सामग्री की आवश्यकता होती है। इसके लिए सामान पेटी को विधिवत एंव नजदीक आवश्यकता वाले स्थान पर रखवाया जाए। यदि मंदिर में किसी प्रकार का निर्णय प्रबंध समिति के द्वारा लिया जाता है तो कृपया एक बार ब्राह्मण समिति को अवगत करवाया जाए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान बड़ी संख्या में कर्मकांडी पंडित उपस्थित थे।

## केशव बस्ती में रोज निकाल रहे जयकारों के साथ प्रभात फेरी




**आगर मालवा।** अयोध्या में हो रहे श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और लोकार्पण के अवसर पर नगर में भी राम भक्तों द्वारा कई प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमेश्वर महादेव मंदिर हाउसिंग बोर्ड (केशव बस्ती) में राम भक्त रोज प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। रोज प्रभात फेरी सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर केशव बस्ती के राजीव गांधी कालोनी, मार्केट मोहल्ला झंडा चौक पुराना पोस्ट आफिस थाना परिसर प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन मंदिर परिसर में समापन हो रही है। प्रभात फेरी में जय श्रीराम के जयकारों व ढोलक जांझ मजीरे बजाते हुए भजनों की धुन पर राम भक्त चल रहे हैं। इस प्रभात फेरी में पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

### युवक-युवतियों ने डीजे पर रामधुन लगाकर की पतंगबाजी

## मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के जोश में रंगा रहा समूचा नगर

**कानड़।** शिशिर की सर्द सुबह का सूरज देशभर में मिठास घोलने का पैगाम लेकर आया। सूर्यदेवता के उत्तरायण होने के साथ ही किरणें प्रखर हुईं। मकर संक्रांति पर्व लोगों में नई ऊर्जा का संचार लेकर आता है। इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई गई, लेकिन पतंगबाजी के शौकीनों ने रविवार और सोमवार दो दिन संक्रांति मनाई। उन्हें पतंग उड़ाने के लिए दो दिन मिल गए। युवाओं द्वारा दोनों दिन पतंगबाजी कर संक्रांति मनाई गई। सोमवार को दिनभर आसमान में पतंगों के पेंच लड़ते रहे। नगर की हर छत से कट्टा हे की आवाज सुनाई दे रही थी। पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंगों से भरा रहा। युवक युवतियों के साथ बच्चों ने भी पतंगबाजी में हाथ आजमाए।



### रामधुन के साथ लिया पतंगबाजी का आनंद



22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसी तरह से सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पर युवक युवतियों द्वारा घर की छतों पर स्पीकर और मोबाइल के माध्यम से भगवान राम के भजन और रामधुन लगाकर पतंगबाजी का आनंद लिया। साथ ही शाम को जय श्रीराम के जयकारे की गूंज सुनाई दी।

### संक्रांति पर तिल के लड्डू और गजक ने घोली मिठास

शास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति पर तिल खाना, तिल से स्नान करना और तिल का दान करने से व्यक्ति को काफी पुण्य मिलता है। गरीब व्यक्ति को कपड़ा दान करने से मानसिक शांति मिलती है। तिल दान से ग्रहों का प्रकोप भी मिटता है। ठंड के दिनों में तिल-गुड़ खाना स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक है। इसीको लेकर मकर संक्रांति पर्व पर घर-घर में महिलाओं द्वारा परंपरागत तिल और गुड़ के लड्डू बनाए गए। महिलाओं द्वारा तिल के लड्डू व गजक से परिवार के लोगों व रिश्तेदारों का मुंह मीठा कर संक्रांति पर्व मनाया गया। साथ ही लोगों द्वारा तिल व कपड़े का दान भी इस पर्व पर किया।

### बीएलओ ने मतदान केंद्र पर नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के संबंध में बताया

**आगर मालवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 22 जनवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को विशेष शिविर लगाए गए। इस दौरान समस्त बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर फॉर्म 6, 7 और 8 में आवेदन प्राप्त किए तथा जानकारी दी।



## श्रीलीला समारोह अंतर्गत भक्तिमति शबरी की लीलाओं का किया गया मंचन

**नलखेड़ा।** श्रीराम कथा के चरितों आधारित श्रीलीला समारोह के द्वितीय दिवस भक्तिमति शबरी की लीलाओं का मंचन किया गया। मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय माँ बगुलामुखी मंदिर पर भक्तिमती शबरी, निषादराज गुहा और हनुमान लीलाओं पर केंद्रित वनवासी लीलाओं का तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में समारोह के दूसरे दिन रविवार को भक्तिमति शबरी की लीलाओं का सजीव मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें विवाह के दौरान पशु बलि होने पर पशुओं को लेकर वहां से भागी शबरी मतंग मुनि के आश्रम में पहुंचने से लेकर प्रभु श्रीराम द्वारा शबरी के झूठे बैर खाने तक की लीलाओं का कलाकारों द्वारा सजीव मंचन किया गया। इस मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।




## संकल्प यात्रा के दौरान एनीमिया मुक्त भारत अभियान विषय पर प्रदर्शनी लगाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम सुईगांव में भ्रमण के दौरान कार्यालय मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड द्वारा आयरन डेफीशियंसी एनीमिया जागरुकता माह अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत अभियान विषय पर प्रदर्शनी का लगाई गईं। प्रदर्शनी में भोजन में आयरन युक्त भोज्य पदार्थों को शामिल किया जाना चाहिए यह प्रदर्शित किया । साथ ही विटामिन सी युक्त फल फ्रूट को भी अपनी डाइट में शामिल करने का भी संदेश दिया गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 6 प्रकार के हितग्राही समूह को दिए जा रहे आयरन अनुपूरण कि जानकारी प्रदर्शित करते हुए प्रत्येक हितग्राही को प्रदाय कि जा रही आयरन की मात्रा, दिन आदि की जानकारी प्रदर्शित की गई।

विकसित भारत यात्रा में आने वाले अथितियों एवं ग्रामवासियों को प्रदर्शनी के संबंध में जितेन्द्र जैन विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समझाया गया, पुरुषोत्तम परमार संभागीय समन्वयक एवीडेंस एक्शन द्वारा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। अनुराधा परमार बीसीएम, मीनाक्षी पारीख, दीक्षा टेमपूर्ण, रोहित शर्मा कनीजा बी, हेमू बाई, निशा मालवीय,रमजान अली द्वारा प्रदर्शनी लगाने में सहयोग दिया गया। यह गतिविधी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव के निर्देशन में संपादित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य अपने भोज्य सामग्री में आयरन युक्त भोज्य पदार्थों के साथ विटामिन सी एवं प्रोटीन युक्त भोज्य पदार्थों को भी शामिल करना है, ताकि सभी स्वस्थ्य रहें।

### श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सेवा बस्तियों में भी अपार उत्साह, बांटे पीले चावल



**नलखेड़ा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर वर्ग में अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। रविवार को स्थानीय श्री गणेश होटल के पीछे नदी किनारे स्थित सेवा बस्ती में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अभिमंत्रित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र प्रदान किए गए। जहां अक्षत व निमंत्रण पत्र पाकर सेवा बस्ती के निवासी अभिभूत हो गए। इस अवसर पर बस्ती के बच्चों ने एकत्रित होकर अपने आराध्य श्रीराम के जयकारे लगाए। वहीं पीले चावल पाकर बच्चे खुश हुए।

### बाबा रामदेव का प्रमुख स्थान स्थित है ग्राम में

## ग्राम टिकोन में सड़क पर भरा रहता है गंदा पानी, मार्ग के आसपास भी पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




केंद्र एवं राज्य सरकार स्वच्छता पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर रही है, लेकिन कई जगह हालात आज भी बद से बद्तर बने हुए हैं। ऐसा ही मामला तहसील के ग्राम टिकोन का है, जहां ग्राम के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा रहता है। वहीं सड़क के दोनों ओर गंदगी पसरी रहती है।

तहसील के ग्राम टिकोन में ग्राम की मुख्य सड़क के एक ओर नाली बनी हुई है जोकि कचरे भर जाने से बंद हो चुकी है। इसकी सफाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों के घर से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही भर रहा है। इसी सड़क के दोनों ओर कचरे सहित अन्य गंदगी पसरी हुई है। यह वह मार्ग है जो ग्राम में स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेव धाम पर पहुंचता है। जहां प्रदेश के साथ साथ देश के कई स्थानों से बाबरी भक्त पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें इस गंदे पानी मे से ही होकर गुजरना पड़ता है साथ ही पसरी गंदगी से उठती बदबू के कारण अपनी नाक बंद कर निकलना पड़ता है।

लगता है ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कागजों पर स्वच्छता अभियान चलाकर अपने कार्य की इतिश्री कर रहे हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान को मूर्तरूप देने के लिए, ग्रामीण क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने के लिए, जमीनी हकीकत से रूबरू होने के लिए मैदान में आकर कागजों पर कार्य कर स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे कि ग्रामीणजन भी स्वच्छता के साथ सांस ले सके।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण संबंधी प्रशिक्षण आयोजित



**देवास।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय उज्जैन द्वारा वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2022-23 में चयनित औद्योगिक इकाइयों को पोर्टल पर ऑनलाइन विवरणी भरने हेतु प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सोमवार को उद्योग संघ देवास के परिसर में एक दिवसीय राउंड टेबल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर रामनिवास रनवा द्वारा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित कर किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग संघ देवास के उपाध्यक्ष अमरजीत खनुजा, संयुक्त सचिव कपिल जैन एवं महासचिव मनोज शर्मा भी उपस्थित रहे।कान्फ्रेंस के दौरान एस के तिवारी वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ग्वालियर, अंकित श्रीवास्तव, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी शिवपुरी एवं अभिषेक सिंह, वरिष्ठ सांख्यिकीअधिकारी रतलाम के द्वारा एएसआई वेब पोर्टल पर विवरणी भरने हेतु उपस्थित औद्योगिक इकाइयों एवं राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों को रियल टाइम प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान औद्योगिक सकल घरेलू उत्पाद के आंकलन एवं नीति निर्धारण में विनिर्माण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुये उनके प्रतिनिधियों से विवरणी को पोर्टल पर भरने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवनीश कुमार सिंह वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एमके रघुवंशी कार्यालय प्रभारी एवं वरिष्ठ सांख्यि की अधिकारी उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन एवं उद्योग संघ देवास के संयुक्त सचिव अंजन शाह के द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर किया गया।

### 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करने का निर्णय लिया है। इस दिन प्रदेश में भांग, शराब एवं सभी प्रकार के मादक पदार्थों की दुकानें बंद रहेगी। अयोध्या में भव्य कार्यक्रम होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे।

### संस्था देशराग ने किया कारसेवकों का सम्मान

# कारसेवकों के द्वारा दिया गया बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तानः गायत्री राजे पवार

रमल्हार स्मृति मंदिर में हुआ कारसेवकों का नागरिक अभिनंदन। देवास के मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह में आयोजित हुआ सम्मान समारोह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। 500 वर्षो के सतत संघर्ष की बदौलत यह शुभ घड़ी आई है। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष में कारसेवकों का बलिदान अतुलनीय है। गर्व की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही रामलला को भव्य मंदिर को प्रतिष्ठित कर रहे है। जो स्वयं भी कारसेवक रहे है। विधायक गायत्रीराजे पवार ने उक्त उद्गार संस्था देशराग द्वारा आयोजित सैकड़ों कारसेवकों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह में आयोजित सम्मान समारोह में महामृत्युंजय मठ के प.पू. महंत स्वामी प्रणवपुरी महाराज ने रामायण के विविध प्रसंगों के आधार पर समाज जागरण के भाव रखे।

समारोह के मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात कवि, साहित्यकार सुमित ओरछा ने राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन, बलिदानी कारसेवकों एवं धर्म जागरण पर आधारित साहित्यिक कविताओं का पाठ किया। मंचासीन अतिथियों में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, संस्था देशराग संयोजक विजय गहलोत उपस्थित थे। श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से प्रारंभ हुए सम्मान समारोह में अतिथियों का शब्दों से स्वागत कार्यक्रम आयोजक राहुल शर्मा एवं पुष्पमाला से स्वागत शैलेन्द्र सिंह गौड़ ने किया। अतिथि परिचय वासुदेव परमार ने दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कारसेवक मनोहर विश्वकर्मा ने अयोध्या में 1990 की कार सेवा का वृतांत सुनाया।

कोठारी बंधुओं की सबसे पहले मृतदेह उठाने वाले कार सेवक अरविंद महाजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अरविंद त्रिवेदी ने किया। खचाखच भरे मल्हार स्मृति सभागृह में संस्था देशराग की ओर से सैकड़ों कारसेवकों का स्मृति चिन्ह एवं राममंदिर का माडल भेंट कर, भगवा दुपट्टा ओढाते हुए सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व सैनिकों का सम्मान भी संस्था द्वारा किया गया। प्रसिद्ध गायक देवेन्द्र पंडित ने अपनी सुमधुर



आवाज से देशभक्ति गीतों से वातावरण ओजपूर्ण कर श्रोताओं में देशभक्ति का रंग भर दिया। आभार संस्था संयोजक विजय गेहलोत ने माना।

# चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

### चापड़ा पुलिस को मिली सफलता



**बागली।** पुलिस की हिरासत में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

गुराडिया कला में मां अन्नपूर्णा किराना स्टोर में दीवार तोड़कर दुकान में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शहर व देहात में हो रही चोरी नकबजनी पर नियंत्रण रखने तथा मुखबिर तंत्र विकसित कर शतप्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा समुचित दिशा निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देशो के अनुक्रम मे पुलिस अधीक्षक देवास के मार्गदर्शन मे ,अतिरिक्त पुलिस ग्रामीण देवास व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बागली व थाना प्रभारी बागली के निर्देशन मे पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी उपेंद्र नाहर ने टीम के साथ रात्रि में गुराडिया कला में हुई नकबजनी की घटना का खुलासा किया हैं।घटना का संक्षिप्त विवरण 14 जनवरी को फरियादी ने चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की में किराने की दुकान रात में 9 बजे बंद कर सुबह 6 बजे जब आया तो दुकान के पीछे की दीवार टूटी हुई थी। दुकान में गल्ले में रखे नगदी करीब 8000 रुपये व पान मसाला के पैकेट चोरी हो गए थे। दुकानदार की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। इस दौरान विवेचना कर थाना क्षेत्र मे हुई चोरी नकबजनी करने वाले आरोपियो की तलाश हेतु वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन मे क्षेत्र के कैमरो को चेक कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सटीक सूचना प्राप्त होने पर मुखबिर सूचना से मौके पर पुलिस टीम पहुच कर आरोपी अजय पिता विक्रम सिंघानिया जाति भील उम्र 25 साल निवासी गोपालपुर को गिरफ्तार कर उसके द्वारा चोरी किए गए नगदी रुपए चिल्लर सहित कुल करीब 7000 रुपए व पान मसाले के पैकेट जप्त किए गए। महत्वपूर्ण भूमिका चौकी प्रभारी चापड़ा उपेंद्र नाहर , प्र आर राजेश अग्रवाल, आर. राहुल लोवंसी, आर. भूपेश बर्मन का सराहनीय योगदान रहा।

# हजारों भगवाध्वज से भगवामय होगा शहर, हर वार्ड में बनेगा रामद्वार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देवास को भी भगवामय किया जा रहा है। देवास विधायक गायत्री राजे पवार द्वारा उज्जैन रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 16 तारीख से 21 तारीख तक देवास में करीब 51 हजार भगवा ध्वज लगाए जाएंगे जिसके लिए प्रत्येक घर और दुकानों पर भी भगवा ध्वज वितरित किए जाएंगे साथ ही देवास के अलग-अलग वार्डों में अस्थाई रामद्वार बनाए जाएंगे।

वहीं 22 जनवरी के दिन भव्य आतिशबाजी की जाएगी। हर घर में दीपक जलाए जाएंगे। इस आयोजन को भव्य बनाना है। उत्सव मनाया जाएगा। विक्रम सिंह पवार ने बताया कि युवा मोर्चा व भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पुरे देवास को भगवामय करने का संकल्प जो लिया है। इसकी शुरुआत आज से हो चुकी है। एबी रोड़ पर भगवाध्वज लगाना प्रारंभ कर चुके है। कल से घर-घर जाने का कार्य किया जाएगा। 51 हजार भगवाध्वज घर-घर वितरित करना है। विधानसभा में यह लक्ष्य 21 जनवरी तक पूरा किया जाएगा।

### सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स मैथ्स क्विज में सेन थॉम एकेडमी प्रथम स्थान पर



**देवास।** उज्जैन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वाधान में विंध्याचल एकेडमी, देवास में 13 जनवरी 2024 को अंतर विद्यालयीन गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देवास, उज्जैन एवं शाजापुर के लगभग 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय साझेदारी की। प्रतियोगिता पाँच चरणों में संपन्न हुई। तीन विद्यालयों के सर्वोत्कृष्ट परिणामों में सेन थॉम एकेडमी के जयदेव मलिक, दिव्य मेहता एवं लक्ष्य सिंह ने गणितीय कौशल के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर, विद्यालय एवं परिवार का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम की सराहना की एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वरिष्ठ साहित्यकार जीवन सिंह ठाकुर का निधन



**देवास।** शहर के वरिष्ठ साहित्यकार जीवन सिंह ठाकुर का लंबी बीमारी के बाद रविवार रात देहावसान हो गया । सोमवार को उनकी अंतिम यात्रा में साहित्य और शिक्षा जगत के अलावा शहर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजली दी। ठाकुर के कई कहानी संग्रह,उपन्यास प्रकाशित हुए है । आप राष्ट्रपति पुरस्कार एवम राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किए जा चुके है। प्रेमचंदसृजन पीठ मध्य प्रदेश के आप निदेशक भी रहे है। आप के सांप्रदायिकता,कश्मीर समस्या, शिक्षा, राजनीति,इतिहास जैसे ज्वलंत विषयों पर महत्त्वपूर्ण आलेख विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं। अंतिम स्थल पर हुई शोक सभा में पूर्व महापौर शरद पाचुनकर,रेखा वर्मा,इतिहासकार दिलीप जाधवचंद्रपाल सिंह सोलंकी,भगवानसिंह चावड़ा,प्रमोद जाधव,इंदरसिंह ठाकुर,अमित बागलिकर,प्रकाश कांत,मोहन वर्मा,सहित अनेक साथियों ने ठाकुर को श्रद्धांजलि दी।

# मकर सक्रंति पर हिन्द रक्षक संगठन ने तिलगुड़ के साथ 5 हजार पतंग एवं चकरी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था हिन्द रक्षक संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 19 वें वर्ष में भी मकर सक्रांति पर्व हर्षोल्लास व पारम्परिक रूप के साथ मनाया। कार्यक्रम आयोजक पार्षद एवं नगर निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने बताया कि सोमवार को को नावेल्टी चौराहा पर आयोजित विशाल पतंग महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, सुभाष शर्मा, रायसिंह सेंधव, अनिलराज सिंह सिकरवार, बहादुर मुकाती, संजय दायमा, राजेश यादव पहलवान, मनीष सोलंकी, शीतल गेहलोत, जितेन्द्र मकवाना, अजय पडियार, ओम जोशी, सचिन जोशी, गणेश पटेल, विकास जाट थे। अतिथियो का स्वागत पुष्पमाला, भगवा रूपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आयोजक मनीष सेन, अजय अग्रवाल, प्रभात कल्याणे, राजेश पटेल, सुमेर चावड़ा, विनय चावड़ा, संजय नागर, आशीष शर्मा, दीपक बारोले सहित समिति सदस्यों ने किया। विधायक पवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व हिन्दू धर्म का मुख्य त्यौहार है। संस्था हिन्द रक्षक कई वर्षो से यह आयोजन करती आ रही है जो कि हिन्दू संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाता है। तत्पश्चात अतिथियो ने मंच से तिलगुड़ के लड्डू के साथ बच्चो को पतंग व चकरी का निःशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम के पूर्व आर्केस्टा का आयोजन हुआ। जिसमे सुमधुर भजनो व देशभक्ति के एक से बढक़र से गीतो की प्रस्तुति दी गई। संचालन ओम योगी ने किया। स्वागत भाषण मनीष सेन ने दिया।

# छतरपुरा को हर घर जल पंचायत किया गया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




ग्राम पंचायत छतरपुरा को ₹हर घर जल पंचायत₹ घोषित किया गया है। ग्राम पंचायत छतरपुरा को भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल व्दारा जल जीवन मिशन के तहत अभिनंदन पत्र दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत 550 से अधिक घरों में नल से जल दिया जा रहा हैं।भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कि ओर से अभिनंदन दिया है। ग्राम पंचायत मे लगातार समिति के माध्यम से नल जल योजना का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ सीधा गांव के परिवारों को मिल रहा है। सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह संभव हो पाया है, जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी परिवारों को निशुल्क नल कनेक्शन दिए गए हैं। पूरे वर्ष ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। नल जल के माध्यम से निर्धारित समय अनुसार अलग-अलग मोहल्ले में प्रतिदिन पानी दिया जाता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अतिथि मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद सदस्य आशीष पाटीदार, अशोक पटेल, सोनू पाटीदार, अनारसिंह सेंधव गोविंद यादव, नाथूसिंह सेंधव एवं गांव के वरिष्ठिजनो व्दारा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार का स्वागत कर प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। इस दौरान सचिव सागर चौहान, सह सचिव नन्दकिशोर राजगरिया व टीम का अभिनंदन किया गया।

### श्री राजाभाऊ महाकाल सेवा न्यास द्वारा रामराज से विश्व कल्याण विषय पर हुआ व्याख्यान

# 'सब समाज में जाकर हमको सब में समरस होना है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर के प्रबुद्ध जनों हेतु शासकीय कन्या महाविद्यालय में 14 जवनरी, रविवार,शाम 7.30 बजे₹विचार यज्ञ-रामराज्य से विश्वकल्याण₹विषय पर व्याख्यान का आयोजन श्री राजाभाऊ महाकाल सेवा न्यास द्वारा स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय उज्जैन रोड इटावा, में किया गया। विदित रहे कि श्री राजाभाऊ महाँकाल सेवा न्यास समय-समय पर देवास में समाज हित के विभिन्न विषयों पर ₹विचार यज्ञ₹ के माध्यम से व्याख्यानों का आयोजन करता रहा है। ₹रामराज्य से विश्व कल्याण₹ विषय के इस व्याख्यान में देवास के प्रबुद्धजन, समाज प्रमुखों के साथ ही लेखन, कला, पत्रकारीता, चिकित्सा, शिक्षण, खेल, उद्यमिता, उद्योग, धार्मिक, शिक्षक, सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया था।

इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ एवं कथावाचक श्री श्यामसुंदर जी मनावत एवं विशेष अतिथि श्री नारायण कुटी आश्रम, देवास के स्वामी सुरेशानंद तीर्थ महाराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजाभाऊ महाकाल सेवा न्यास के अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने की,इस अवसर पर वरिष्ठ कारसेवक मनोहर विश्वकर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे।

मनोहर विश्वकर्मा ने ही 1992 में अयोध्या में ढांचा गिराने के बाद रामलाल को जिस चबूतरे पर बैठाया था उसका निर्माण किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वल्लन कर किया। सामूहिक गीत ₹सब समाज में जाकर हमको सब में समरस होना है₹ का गायन हुआ, राम जन्मभूमि के संघर्ष और आंदोलन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। रामभक्तो को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि सुरेशानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि राम कोई साधारण मनुष्य नहीं है,राम एक अलौकिक तत्व हैं हमें जो शक्ति है वही राम है। आपने सभी से आग्रह किया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को पूर्ण श्रद्धा-भाव से बनाएं एवं श्रीराम के अनुशासन को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्याम सुंदर मनावत ने व्याखयान में सभा को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि,राम को जन्म देना सरल है पर रामराज्य लाना कठिन है,राजा दशरथ भी रामराज्य नहीं ला पाए,राम राज्य हेतु थोड़ा संयम करना होगा।

राम राज्य के मुहूर्त नहीं देखे जाते, जिस दिन राम राजा बन जाए उसी दिन से रामराज्य शुरू हो जाता है। रामराज्य के पहले हमें समाज में उपस्थित मंथरा रूपी देश विरोधी शक्तियों को पहचानना होगा,जो सदैव राम राज्य में विघ्न डालते रहते हैं। मनावत ने बताया कि राम राज्य के लिए पहले अधर्म का नाश होना आवश्यक है। फिर धर्म की जय होगी जिससे कि प्राणियों में सद्भाव होगा और तब जाकर विश्व का कल्याण होगा।आपने अंत में विशेष रूप से कहा कि राम के राजा बनने मात्र राम राज्य नहीं बनता,प्रजा को भी राम ही की तरह अनुशासन का पालन करना होगा। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

# श्री लीला समारोह अन्तर्गत पहले दिन हुई हनुमान लीला की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सयाजी द्वार देवास पर आयोजित किए जा रहे श्रीलीला समारोह का शुभारंभ श्री हनुमान लीला की प्रस्तुति से हुआ। आयोजन के पहले दिन रविवार की संध्या को श्री राम कथा के विशिष्ट चरित्रों आधारित श्री हनुमान लीला की प्रस्तुति दी गई। चन्द्रमाधव बारीक के निर्देशन में श्री हनुमान लीला में भगवान हनुमान के जीवन के उपाख्यानों को 15 दृश्यों में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर देवास विधायक गायत्री राजे पवार, देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, नगर निगम सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, देवास एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बड़ी संख्या में देवास के धर्म प्रेमी नागरिको इस "श्री लीला समारोह" का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### नगर में पूजित अक्षत वितरण अभियान ने पकड़ी रफ्तार



**आष्टा।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद का घर-घर अक्षत वितरण अभियान अब रफ्तार पकड़ गया है। अनेक टोलियां भजन एवं श्रीराम की जयघोष करते हुए हजारों घरों में पहुंच चुकी है। टोली में शामिल सदस्यों ने परिवार के सदस्यों को पूजित अक्षत, राम चित्र, राम मंदिर का फोटो देकर आमंत्रित किया। विश्व हिंदू परिषद के गोपालदास राठी ने बताया कि नगर में 22 जनवरी को घर-घर दीपावली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दिन घर-घर में मीठे पकवान बनाकर विजय मंत्र का जाप के साथ भजन-कीर्तन करें। साधु संतों का भी सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

### ग्राम बमुलिया रायमल में हर घर पहुंचे निमंत्रण



**जावर।** जावर तहसील के ग्राम बमुलिया रायमल में प्रत्येक घर अयोध्या से आए पीले चावल रूपी निमंत्रण गांव के प्रत्येक घर तक राम भक्तों की टीम ने ढोल धमाके गीत एवं राम धुन के साथ हर घर तक पहुंचा दिया ग्राम वासियों ने राम भक्तों का स्वागत बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया एवम जगह-जगह लोगों ने मिठाइयां बाटी प्रसाद वितरण किया पुष्प वर्षा के साथ कलश पूजन किया प्रत्येक घर पर बड़े ही भाव के पूजन अर्चन किया राम भक्तों की टीम के साथ सैकड़ो की तादाद में ग्राम वासी भी सम्मिलित हुए और घर-घर निमंत्रण दिया इस कार्य को सुचारू रूप से एवं व्यवस्थित हर घर नियंत्रण पहुंचाने के लिए गांव के सभी नव युवा सम्मिलित हुए।

### ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में किया सूर्य नमस्कार



**खाचरोद।** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर हाई स्कूल जसमत, हाई स्कूल रोल गांव, हाई स्कूल पगारियाहाट, माध्यमिक शाला आवली खेड़ा में सूर्य नमस्कार और योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार व योग की क्रियाएं की। प्रभारी प्राचार्य द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को योग का महत्व बताया गया। वही स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर हाई स्कूल जसमत प्रभारी प्राचार्य मनोहर बडगूजर, हाई स्कूल रोल गांव प्रभारी प्राचार्य महेश वर्मा, हाई स्कूल पगारियाहट प्रभारी प्राचार्य इलियास खान, माध्यमिक साला अवली खेड़ा हेड मास्टर लखन सिंह ठाकुर, जन शिक्षक सजन मालवीय, शिक्षक इंदर सिंह राणा, राकेश विश्वकर्मा, सुखराम पचलसिया, प्रतिपाल सिंह ठाकुर, राहुल विश्वकर्मा, मनोहर लाल पाटीदार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कोठरी में मनाया गया 15वां गौरव दिवस

# कठिन परिश्रम के बिना हमें सफलता प्राप्त नहीं होती: विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

गौरव दिवस दिवस पर शासकिय और निजि स्कूलों को विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




नगर परिषद कोठरी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर नगर का गौरव दिवस मनाया गया। नगर परिषद का गठन 14 जनवरी 2009 में हुआ था। सर्वप्रथम नगर के प्रतिनिध व स्कूल के छात्राओं ने नगर परिषद कार्यालय से रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस नगर परिषद कार्यालय में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के समक्ष विधायक नगर परिषद अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पुष्प माला पूजा अर्चना की गई। इस के बाद नगर के जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान का कार्यक्रम शुरू हुआ।

आष्टा विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत साफा बांधकर पुष्पमाला पहनकर शाल श्रीफल देकर किया। सभी अतिथियों, वरिष्ठ जनों का भी स्वागत किया गया। शासकीय व प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत परिस्थितियों दी। वही जनप्रतिनिधियों ने प्रस्तुतियां देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा की कठिन परिश्रम के बगैर सफलता प्राप्त नहीं होती, बच्चों को मेहनत करनी चाहिए , वही नगर में 50 लाख की राशि से मांगलिक भवन का निर्माण होगा, जिसकी घोषणा भी की गई। किसानों की सबसे बड़ी समस्या जिससे बहुत ज्यादा परेशान है आवारा मवेशियों के लिए गौशाला के कही गई। विधायक ने किसानों कहा कि आप जगह बताइए सैंसन में करवाता हूं। कहा कि नगर में सीएम राइस स्कूल बनने पर छात्र छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। मैं कोठरी का आभारी हूं। जिन्होंने मुझे आज इस पद पर बैठाया है। नगर में 16 तारीख को विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल जाएगी जिसमें मैं पुनः आपके बीच में रहूंगा।

### कोठरी के विकास के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी

वही नगर परिषद कोटरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि और वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद राधेश्याम दलपति ने अपने वक्तव में कहा कि नगर के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि युवराज चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विकास करती है और विकास की ही बात करती है। वहीं उन्होंने नगर की प्रमुख समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया। जिसमें नगर में नुक्ते आदि कार्यक्रमों के लिए जगह व्यवस्था के लिए मांगलिक भवन व नगर में गौशाला की व्यवस्था के लिए भी कहा गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपना वक्तव्य दिया। इस मौके पर आस्था विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल, आष्टा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, युवराज सिंह चंद्रवंशी, सुनील केलिया, जितेंद्र आजाद, शिशुपाल घाटी, दिनेश चौधरी आदि नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी गण मौजूद थे। नगर परिषद कोठरी सीएमओ नरेंद्र जाटव ने अंत में सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ जनों नगर के नागरिक जनों का आभार व्यक्त किया। नगर के नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए और शासन ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए महिला जनप्रतिनिधि बनाए गए किंतु उनकी जगह ज्यादातर कार्यक्रमों में प्रतिनिधि ही मौजूद रहते हैं, इस कार्यक्रम में भी वही नजारा देखने को मिला।

# किसानों की परेशानी, डेम से नहीं छोड़ा जा रहा पानी

पानी के अभाव में प्रभावित हो रही फसलें



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जब खाचरौद क्षेत्र में राम पूरा डेम बना तब आस पास के किसानों को उम्मीद जागी थी की अब उनके खेतों तक नहर के माध्यम से पानी पहुंचेगा। तथा पानी के अभाव में अभी तक जो खेत सूखे रहते थे। पानी के अभाव में फसलें नहीं हो पाती थी वह खेत हरे-भरे नजर आएंगे। इस ही बात को ध्यान में रखते हुए डेम की नहर के लिए इसी उम्मीद से किसानों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन भी दी। लेकिन अब वह पछता रहे हैं। क्योंकि सिंचाई विभाग मदमस्त होकर किसानों की समस्याओ को सुनने को तैयार नहीं है। मनीराम पूरा डेम की नहर ग्राम बरघाटी तक गई है।

डेम जिसमें दो तालाब है दोनों तालाब में पानी होने के बाद भी मनीराम पूरा डेम से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोडे जाने के कारण नहर के माध्यम से पांचवें माइनर तक डैम का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यही कारण है की बडघाटी के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों इंजीनियरों को गुहार भी लगाई लेकिन मदमस्त सिंचाई विभाग इन पीड़ति किसानों की सुनने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि पांचवें माइनर तक पानी नहीं पहुंचने के कारण इस क्षेत्र के किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं चने की हरी भरी फसले सूखने को मजबूर है। क्षेत्र के किसान बलवानसिंह ठाकुर ने इस क्षेत्र की समस्या को सोशल मीडिया के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तक भी भेजी है। लेकिन अभी तक इन किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर प्रवीण सिंह और आष्टा के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मांग की है कि वह सिंचाई विभाग से मनीरामपुरा डेम से पानी छुड़वाए ताकि बडघाटी के किसानों को पानी मिल सके और उनकी सुख रही फसलों को जीवन दान मिल।

## जिला स्टार प्रचारक के पद पर मनोज साहू मोनू नियुक्त, किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के निवास पर पहुंच कर साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में साहू समाज ने विधायक गोपाल इंजिनीयर का पुष्प मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। साथ ही साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा जी के जीवन पर आधारित एक फिल्म मेरी मां कर्मा समाज द्वारा बनाई गई जिसका प्रकाशन आने वाले अप्रैल माह में होना हे। जिसके प्रचार के लिए प्रदेश प्रचारक की अनुशंसा पर जिला स्टार प्रचारक के पद पर मनोज साहू मोनू को नियुक्त किया गया। जिसका नियुक्ति पत्र विधायक द्वारा माला पहना कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज के कमलेश साहू, जितेंद्र साहू, दिलीप साहू, दिनेश साहू, सतीश साहू, उमेश साहू, पीयूष साहू, रूपेश राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय का किया स्वागत



**श्यामपुर।** रविवार को विधायक सुदेश राय का विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार ब्लॉक श्यामपुर ने आतिशबाजी पुष्प वर्षा व ढोल धमाकों के साथ कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाटीदार, श्यामपुर मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पाटीदार, सरपंच गुलखेड़ी अजय सिंह ठाकुर, व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, श्यामपुर उप सरपंच प्रदीप पुष्पद, सीताराम पाटीदार, राज दांगी, सुरेंद्र दांगी, राहुल पुष्पद, बिछिया सरपंच गबरू सिंह, भगवान पाठक, सुरेश पाटीदार, जीवन सिंह दांगी, बाबूलाल मालवीय, अंकित पाटीदार, अलाउद्दीन खा, मांगीलाल अहिरवार, अमित अहिरवार व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यात्री प्रतीक्षालय में खड़े हो रहे दोपहिया वाहन



**सीहोर।** कुछ साल पहले बस स्टैंड पर खाली पड़ी जगह पर यात्रियों को बैठने के लिए एक शेड बना दिया था लेकिन यहां पर अब दोपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। पहले यात्री यहां पर बैठे नजर आते थे लेकिन अब वाहन ही दिखाई देते हैं। बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कुछ साल पहले हालत यह थी कि यहां पर यात्रियों के बैठने तक की सुविधा नहीं थी। बाद में खाली पड़ी जगह पर प्रतीक्षालय बना दिया। कुछ दिन तक तो यहां पर यात्री बैठते रहे लेकिन बाद में लोगों ने यहां पर दोपहिया वाहनों को खड़ा करना शुरू कर दिया। इस तरह से अब यात्रियों की बैठने की जगह पर वाहन खड़े रहते हैं। बनाया जाना है नया बस स्टैंड, जगह चिन्हित नहीं नया बस स्टैंड बनाया जाना है लेकिन जगह चिन्हित नहीं हो सकी है। जिस जगह के लिए नए बस स्टैंड का प्लान बनाया गया था उसका अभी न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। इसलिए अभी नए बस स्टैंड के लिए जगह का निर्धारण नहीं हो सका है।

# नगर के प्रमुख मार्गों से निकली संत कीर्तन यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान धान में प्राचीन शंकर मंदिर पार्वती तट से एक संत कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस प्राचीन शंकर मंदिर पर पहुंची वहां पर आरती ओर संतों का सम्मान कर समापन किया। श्री राम रथ यात्रा निकाली जो की 22 जनवरी के लिए महा अभियान चलाकर पुजित अक्षत वितरण भी किया।

नगर में निकाली गई संत कीर्तन यात्रा के इस मौके पर प्रांत के सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, प्रांत सह समरसता प्रमुख राजेन टांक जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर, जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, जिला महाविद्यालय प्रमुख सुरेश डांगी, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज नागराज, सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, प्रखंड और नगर के सभी दायित्व वान कार्यकरता, मंदिर प्रमुख हेमंत गिरी महाराज, गौ रक्षा प्रमुख राजेश पटेल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोग का आशागिरी, नगर संयोजीका राम सभा परमार ओर समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# सूर्य नमस्कार तन, मन, वाणी से की गई सूर्य उपासना: जितेंद्र गुठानिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासकीय सीएम राइज स्कूल बुधवारा में छात्र-छात्राओं के साथ संस्था के प्रमुख जितेंद्र गुठानिया, पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल सहित स्टाफ कर्मियों ने भी सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेंद्र गुठानिया ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को युवा शक्ति के प्रतीक स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का अनुशरण करने की आवश्यकता है।

स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय चिंतन की गहन व्याख्या कर विदेशों में भारत का मान- सम्मान बढ़ाया था ।इसलिए हम सभी को बौद्धिक विकास एवं स्वस्थ रहने के लिए सूर्य नमस्कार व प्राणायाम की विधाओं को अपनाना चाहिए। आपने कहा कि सूर्य नमस्कार तन, मन और वाणी से की गई सूर्य उपासना है। इससे सूर्य किरणों से मिलने वाली विटामिन डी की प्राप्ति होती है। सूर्य नमस्कार शरीर के सभी जोड़ों व मांसपेशियों को ढीला करने का तथा आंतरिक अंगों की मालिश करने का एक सरल और प्रभावशाली अभ्यास है। सीएम राइज माध्यमिक विद्यालय बुधवारा में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार के आयोजन में विद्यालय का स्टाफ ,विद्यार्थियों के अलावा प्रबुद्ध जनों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश गान एवं राष्ट्रगान के साथ सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ,पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अतुल अग्रवाल एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

फोटो निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण शुरू, 22 तक लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली 2024 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची में दावे एवं आपत्ति के तहत नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने एवं विलोपन की कार्रवाई का कार्य 6 जनवरी से शुरु कर दिया गया है। कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक निर्धारित की गई है एवं विशेष कैंप की तिथि 13 जनवरी तथा 20 जनवरी है। जिसमें नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

एसडीएम आनंदसिंह राजावत एवं सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य 6 जनवरी से शुरू कर दिया गया है, जो कि 22 जनवरी तक चलेगा। जिसके तहत 1 जनवरी 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो रही है वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए दो कलर पासपोर्ट साइज फोटो प्रारूप - 6 में आवश्यक प्रविष्टी एवं दस्तावेज देकर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ को जमा करा सकते हैं, पूर्व में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से शेष रह गए लोग भी इस दौरान अपने नाम जुड़वा सकते है।मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने का काम अब 22 जनवरी तक होगा।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की गई, उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई गई और मतदान केंद्र पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। आष्टा में भी सम्पूर्ण प्रदेश के साथ छह जनवरी से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

साथ ही बैठक के माध्यम से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी और उन्हें प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई गयी। इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थिति रहकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी कार्यों को अंजाम दें। उन्होंने अधिनस्थ अधिकारियों को गंभीरता के साथ संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों को मूर्तरूप देने के लिए निर्देशित दिया।

# उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर पुनरीक्षण गतिविधियों का किया निरीक्षण

निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सभी कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**सीहोर।** उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला ने सीहोर जिले की सीहोर विधानसभा के सीहोर नगर के तीन मतदान केंद्र तथा जमुनिया तालाब के दो मतदान केंद्रों में चल रहा है मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

उपमुख निर्वाचन पदाधिकारी शुक्ल ने मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा नाम काटने प्रक्रिया सावधानीपूर्वक करने को कहा ताकि कहीं कोई त्रुटि न हो। बीएलओ तथा संबंधित अधिकारियों से कहा कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाओं का नाम सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। शुक्ल ने मतदाता सूची, ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करने तथा जहाँ भी आवश्यक हो धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली तस्वीरों को हटाकर अच्छी गणवत्ता वाली तस्वीरे सुनिश्चित करने वाली रोल करने के निर्देश दिए।

शुक्ल ने मतदान केन्द्रों के अनुभाग, भाग सीमा स्थान में प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिए।

### ग्राउंड के समीप की कॉलोनी और बस्ती के लोगों ने उठाई आपत्ति

# धीमा जहर बन रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदबू और धुआं, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समूचे राजगढ़ नगर के घरों व अन्य स्थानों से एकत्रित होने वाले कूड़ा, करकट, मृत मवेशियों को पाटन रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में फिकवाया जाता है। इस ग्राउंड के समीप ही मोहनपुरा पुनर्वास कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी एवं रहवासी बस्तियां हैं। ग्राउंड के कचरे एवं मृत मवेशियों से पूरे दिन उठने वाली बदबू, धएं से हलाकान पुनर्वास कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार सुबह हंगामा कर दिया। कॉलोनी की महिलाओं, पुरुषों ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा नगर के मृत मवेशियों को यहां के गड्ढों में खुले में फेंक दिया जाता है। मवेशियों को फेंकने के बाद गड्ढे को पुरवाया(कवर्ड) नहीं किया जाता। उसकी बदबू पूरे दिन दूर-दूर तक फैलकर बीमारियों का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही नपा कर्मियों द्वारा कभी-कभी कचरे में आग भी लगा दी जाती है। उससे उठने वाला धुंआ भी रहवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।





### रहवासी बोले तो करेंगे उग्र आंदोलन

मोहनपुरा पुनवार्स, सिविल लाईन कॉलोनी, हेडगेवार कॉलोनी के बाषिंदों ने नगर पालिका प्रबंधन से मांग की है कि इस समस्या का स्थाई निदान करवाया जाए। अगर समस्या हल नहीं होती है आने वाले दिनों में रहवासियों द्वारा उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### आगे नहीं बढ़ पा रहीं ग्राउंड की शिफ्टिंग की फाइलें

नगर पालिका द्वारा सालों पहले शहर से दूर इस ग्राउंड को बनवाया गया था। उस समय ग्राउंड के आसपास पुनर्वास कॉलोनी व अन्य बस्तियां नहीं थीं। लेकिन, अब चूंकि टेचिंग ग्राउंड के आसपास के क्षेत्र में सैकड़ों परिवार रहने लगे हैं ऐसे में समस्या के स्थाई निदान के लिए ग्राउण्ड का शहर से दूर अन्यत्र शिफ्ट करने की नितांत आवष्यकता है। यह ग्राउंड दूसरे जगह शिफ्ट करने का मसला भूमि आबंटन व अन्य कागजी प्रोसेस में अटका हुआ है। बताया जा रहा है कि फाइल एसडीएम कार्यालय में पड़ी हुई है। अगर नगर पालिका के अधिकारी इस मसले को प्राथमिकता में लेकर फाईलों को आगे बढ़वाएं तो ग्राउंड की शिफ्टिंग हो सकती है।

### टैंडर हो चुकर है...

ग्राउंड में पड़े हुए पुराने कचरे, मलबे आदि को हटाने के लिए टैंडर हो चुका है, जिसका काम जल्द चालू हो जाएगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड अन्य जगह पर बनाए जाने की फाइल भी प्रोसेस में है। भूमि आबंटन आदि में मसला अटका है। मैं इसको दिखवा लेता हूं।

**रवि गुप्ता, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

### अनुभूमि कार्यक्रम के तहत अलग-अलग दिनों में लग रहे शिविर

# वन्य जीवन को जानने, समझने बच्चों को कराया गया अभ्यारण्य का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्कूली बच्चों, युवा पीढ़ी को वन्य जीवन को जानने, समझने का अवसर प्रदान करने वन विभाग द्वारा जनवरी माह में अनुभूति कार्यक्रम संचालित करवाया जा रहा है। इसके तहत जिले के चिड़ी खो अभ्यारण्य में अलग-अलग दिनों में निजी एवं शासकीय स्कूलों के बच्चों को भ्रमण करवाया गया।

इस दौरान बच्चों को वन्य जीवों के पद चिन्ह, विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों, जलीय संरचनाओं, जीव-जंतुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभ्यारण्य में घूमकर बच्चे भी काफी रोमाचित हुए और पर्यावरण से प्रत्यक्ष जुड़ाव पाकर वन्य जीवन को उन्होंने जाना। उप वनमंडल अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला वनमंडलाधिकारी बेनीप्रसाद दोतनिया के निर्देशों पर 8 से लेकर 11 जनवरी तक अभ्यारण्य में शिविरों का आयोजन करवाया गया। इस दौरान अभ्यारण्य में जीव जंतुओं, वन जीवन आदि से संबंधित बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं। इन शिविरों में शासकीय एवं निजी दोनों विद्यालयों के सैकड़ों बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए।

### आयोजित हुई प्रतियोगिताएं, बांटे पुरस्कार

विभाग द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं कईं तरह के पुरस्कार भी वितरित करवाए गए। अधिकारियों ने बताया कि आगामी 17, 18, 19, 22 एवं 31 जनवरी को भी इसी तरह के शिविर आयोजित होंगे। पूरे माह में कुल 9 शिविरों का आयोजन होना है जिनमें से कुछ शिविर आयोजित हो चुके हैं। राजगढ़ उप वनमंडल अधिकारी राजीव दुबे, अभ्यारण्य अधीक्षक दिनेश यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव गुप्ता, शिरोमणि गुप्ता, भगवतिषरण शर्मा उत्साह के साथ शिविर आयोजित करवा रहे हैं।

### भागवत कथा के समापन पर श्रद्धालु ने पाई महाप्रसादी



**लखनवास।** बड़ौदिया बड़ली माता मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। आयोजकों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ग्रंथ तथा कथा वाचक टीम को सादर विदा किया गया। कथा के अंतिम दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते पंडित सतीश नागर ने कहा कि जीवन की महान सच्चाई मौत है कोई भी जीव इससे बच नहीं सका है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। कथा समापन के बाद हवन यज्ञ का आयोजन हुआ और पूर्णाहुति के बाद अटूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सकल पंच राठौर समाज ने नवीन कार्यकारिणी का किया गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल पंच राठौर समाज की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर बैठक राधा कृष्ण राठौर समाज मंदिर पंडितवाडी में शनिवार को साहू समाज जिला अध्यक्ष राम नारायण साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर की गई। जहां सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर ने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सुरेश राठौर सहेली कलेक्शन, कोषाध्यक्ष कमल राठौर दयावान, सचिव सुरेश राठौर रंगेरवाड़ी, संगठन मंत्री घासीराम राठौर, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण राठौर गोपाल राठौर पत्रकार, सलाहकार कमल राठौर, अंबाराम राठौर, राधेश्याम राठौर, ओमप्रकाश साहू, दिनेश राठौर, रामगोपाल राठौर, हुकुमचंद राठौर, मनोहर लाल राठौर, राकेश राठौर रक्कू, को नियुक्ति पत्र देकर समाज के अहम दायित्व को अपने कार्यकारिणी में शामिल किया गया। वहीं राठौर समाज के युवा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर को पत्रकार संघ का अध्यक्ष बनने पर उनका फूल माला दुपट्टा पहनाकर राठौर समाज द्वारा सम्मान किया गया किया गया। डॉक्टर कपिल ओम प्रकाश राठौर एडवोकेट द्वारा मंदिर में आरती मशीन दान दी गई व सुनील राठौर उस्ताद ने अपने पिता कन्हैया लाल की स्मृति में एक पंखे की घोषणा की गई। इस अवसर पर सकल पंच राठौर समाज के वरिष्ठ एवं नवयुवक सदस्य बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश का किया वितरण



**लखनवास।** ग्राम सुंदरपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत का वितरण किया( 22 जनवरी 2024 को हर घर-घर दीप जलाने को कहा( इस दौरान सभी लोगों को 22 जनवरी 2024 अयोध्या में होने वाली श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा होने पर भजन कीर्तन रंगोली घर पर भगवा ध्वज लगाने को कहा। अपने गांव मोहल्ले को मंदिरों को सजाने को कहा और इसके बीच में संघ के कार्यकर्ता जब सुंदरपुर गांव के बुजुर्गों से मिले तो दादा दादी भावुक होकर खुशी से निमंत्रण स्वीकार किया और ै के कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया और राम मंदिर की तस्वीर लेकर कहा मेरा जीवन धन्य हुआ जो मेरे घर अयोध्या रामलाल मंदिर की तस्वीर आई है। इसके बीच में बुजुर्ग ने अयोध्या रामलला मंदिर के बारे में भी जो उन्हें इतिहास मालूम था उसके बारे में भावुक होकर बड़े विस्तार से बतलाया और कहा कि मेरे घर में आज ही से दीपक चालू हो जाएंगे 22 जनवरी को भव्य दीपावली की तरह मनाया जाएगा।

### श्रमदान के बाद वार्ड 15 के लोगों ने लिया निर्णय

# जो वार्ड की कॉलोनियों में गंदगी करेगा उस पर लगाएंगे जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



आगामी 22 जनवरी अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत रविवार को वार्ड 15 की इंगले कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में कॉलोनी के रहवासियों ने 2 घंटे सफाई श्रमदान किया। रहवासियों ने यह भी संकल्प लिया कि अब हर हफ्ते कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जाएगा। इसके साथ सभी ने सामूहिक रूप से यह भी निर्णय लिया कि जो भी लोग कॉलोनी में यहां-वहां खुले में कचरा फेकेंगे या गंदगी करेंगे, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजेश खरे ने भी श्रमदान में हिस्सा लेते हुए लोगों को प्रेरित किया कि वे भी इस अभियान से जुड़े। वार्डवासियों ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोली बनाकर दीपों से सजावट की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवींद्र इंगले, मुकेश नामदेव, मोतीलाल कुंभकार, मनोज पंवार, अंकित भिलाला, सुरेश प्रजापति, विजय श्रीवास्तव, कन्हैयालाल दांगी, पंडित दीपक जोशी, कालू गुर्जर, प्रकाश गायकवाड़, नपा दरोगा रंजीत लोहट सहित कॉलोनीवासी एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

# फलोदी कॉलोनी के मेडतवाल परिवार जनों ने डग बालाजी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



फलोदी कॉलोनी मेडतवाल समाज के परिवारजनों ने नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में श्रीराम डग बालाजी समिति के द्वारा भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरांत फलोदी कॉलोनी के सदस्यों का नववर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिला पुरुष बच्चों ने डांस मेलोडी ,धार्मिक सहित कपल गेम की बहुत सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर कालोनी के 70 वर्ष से अधिक उम्र के मेडतवाल जनों का शाल माला पहनाकर कर सम्मान किया। निर्धारित समय पर समारोह में शामिल हुए कपल को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर प्रथम पांच प्रथम कपल जो कि निर्धारित समय पर समारोह स्थल पर पहुंचे जिन्होंने पुरे समय अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वह रामबाबू मधुबाला गुप्ता गरड़ा वाले, दिनेश जमींदार कुसुम जमींदार, श्याम जमींदार चंदा जमींदार, पुरूशोतम गुप्ता, सीमा गुप्ता मेडम रावली वाले, विक्की जमींदार निशा जमींदार को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। जहां पर प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक, फलोदी कॉलोनी के कैलाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता गरड़ा, जगदीश गुप्ता दांइखेड़ी वाले, मनोज गरड़ा,संजय गुप्ता दांइखेड़ी, ओम जुलानिया, राजेन्द्र सिंह जमींदार, रामबाबू गरड़ा, दिनेश जमींदार, मुकेश गुप्ता भानेज एटलस्त्र, श्याम जमींदार विक्की जमीं सहित महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित रहे।

### 'हमारा समाज जो आज बिखरा हुआ है वह तिल-गुड़ की तरह संगठित हो'

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मकर संक्रांति पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



जिस प्रकार तिल्ली बिखरी हुई रहती है तो उसके कोई मायने नहीं रहते। परंतु जब वह गुड़ के साथ मिल जाती है तो उसके संगठित होने से उसकी कीमत बढ़ जाती है और उसे हर व्यक्ति मिठाई के रूप में पसंद करता है। इसी तरह आज हम देखते हैं कि हर समाज का व्यक्ति जाति पंथ, आपसी मतभेद ऊंच- नीच के चलते बिखरा हुआ है। यदि वह तिल गुड़ की तरह एकत्रित होकर संगठित हो जाए तो हमारे देश को सिरमौर बनने से कोई रोक नहीं सकता। और यह पवित्र कार्य राष्ट्रीय स्वयं संघ वर्षों से करता चला रहा है। हम मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए संघ स्थान पर एकत्रित हुए हैं यह पर्व इसलिए ही मनाया जाता है कि हमारा समाज जो आज बिखरा हुआ है वह तिल गुड़ की तरह संगठित हो इस दृष्टि से यह पर्व संघ स्थान पर मनाया जा रहा है। उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समरसता के पर्व मकर संक्रांति उत्सव व्यायाम शाला पर आयोजित कार्यक्रम मकर संक्रांति उत्सव के अंतर्गत मुख्य वक्ता ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में खंड संघचालक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रावास अधीक्षक देवीसिंह मालवीय ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के कर कमलों द्वारा भारत माता, परम पूज्य गुरु जी , डॉक्टर हेडगेवार जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर के कई स्वयंसेवक उपस्थित थे। जहां सभी ने तिल गुड़ के लड्डू की मिठाई ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवक संघ स्थान से सीधे भरगुंडा मोहल्ले सेवा बस्ती में पहुंचे यहां सभी गरीब बच्चों के बीच उपस्थित होकर तिल गुड़ के लड्डू एवं मिठाई का वितरण कर सामाजिक समरसता का संदेश।

# संस्कार एकेडमी में खेल गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर



संस्कार एकेडमी पचोर में रविवार को दो दिवसीय खेल गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजढ़ के पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा एवं विशेष अतिथि पचोर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित के साथ संस्था प्रबंधक मंडल के दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा उपस्थित थे। आयोजन में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ अतिथि वृंदों का पुष्प हार से स्वात सत्कार किया गया तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना द्वारा स्वागत भाषण दिया या। इसके पश्चात खेल दिवस की परंपरा को निभाते हुए मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया या तथा परेड दल द्वारा सलामी दी गई। इसी क्रम में मशाल जलाकर विद्यालय के दल के नेतृत्व में गांधी हाउस, सुभाष हाउस, टगौर हाउस एवं कलाम हाउस के सभी विद्यार्थियों द्वारा अपने हाउस का ध्वज थाम कर मार्च पास्ट किया गया। खेल गतिविधियों में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के समक्ष 100 मीटर दौड़ संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कवि साहित्यकार एवं शिक्षाविद अनिल सोनी द्वारा संपादित श्रीराम प्रश्नमालिक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में विशेष अतिथि विकास दीक्षित द्वारा अपने प्रेरक वचन में बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही गई तथा मुख्य अतिथि धर्मराज मीणा द्वारा सफलता पर बच्चों से अपने अनुभव सांझा किए। अंत में संस्था प्रबंधक मंडल द्वारा अतिथि वृंदों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष दीपक गोयल द्वारा किया या। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा 9वीं का छात्रा पूर्णिमा चौधरी एवं महक सक्सेना द्वारा किया गया।

### रोजगार की दिशा में हम सब आगे बढ़ें : मंत्री टेटवाल

# ब्लॉक स्तरीय बैठक में राज्य मंत्री टेटवाल और गीतकार व्यास का मप्र जन अभियान परिषद ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना ग्लोबल इंडस्टरीज लोकल फोर बोकल की स्कीम के तहत हमें प्रत्येक युवा को रोजगार देने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है हम सब की जिम्मेदारी यह है की इन स्किमो से सभी को जोड़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी इस योजना से लाखो करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकता है। इसी कड़ी में एक और योजना को शामिल किया गया जिसका नाम प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना है। इस योजना से सभी प्रकार के कारीगर अपनी कुशलता के साथ रोजगार के अवसर प्राप्त कर अपने परिवार की जीविका अच्छे से चला सकते हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा पर्यावरण जैविक खेती जन कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार जिस गति से किया गया उसी गति से हम इस योजना को भी धरातल पर लागू करें।

उक्त उद्गार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लाक स्तरीय बैठक के दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त किया। इसके पूर्व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ओर से गीतकार सुशील ब्यास का राम नाम गीत को लेकर शाल श्रीफल से सम्मान किया तथा राज्य मंत्री टेटवाल सहित उपस्थिति मंचासिन अतिथियों ने गीत का लिखित विमोचन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने जन अभियान परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थिति नवांकुर संस्थाओ व ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव तथा सीएमसी एलडीपी मेंटर छात्र छात्राओं के द्वारा राज्य मंत्री टेटवाल का स्वागत सम्मान आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन संजय परमार ने किया आभार ब्लाक समन्वयक बामनिया ने माना। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विष्णु पाटीदार, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, समाजसेवी दिनेश सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष सतीश बेस, जनपद सीओ प्रमोद कुमार सिंह, नवांकुर संस्था से नवीन रुण्डवाल, रघुराज सोलंकी, फूल सिंह नागर, अशोक शर्मा, रेखा नागर, पवन सिंह राजपूत, दिनेश बामनिया, महेश पुष्पद, मनोज पुष्पद, रवि परिहार, योगेश महेश्वरी, रवि राठौर, मनोहर लववंशी, देव सिंह गुर्जर, दीपक पुष्पद सहित जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।